Reg. No. : ....

Name : ....

FY 05

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2023

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5×1=5)**

1. असलम कौन है ?

   (दूधवाला, रिक्शावाला, मिठाईवाला)

2. 'कहना नहीं आता' किसकी रचना है ?

   (पवन करण, जयशंकर प्रसाद, चंद्रकांत देवताले)

Score

3. दिलीप किस कहानी का पात्र है ?

(अनुताप, जुलूस, दुःख)

4. 'चाँद और कवि' किस विधा की रचना है ?

(नाटक, कविता, आत्मकथा)

5. नया दारोगा कौन है ?

(मैकू, दीनदयाल, बीरबलसिंह)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

जवा कुसुम-सी उषा खिलेगी
  मेरी लघुप्राची में,
हँसी भरे उस अरुण अधर का
  राग रँगेगा दिन को ।
अंधकार का जलधि लाँधकर
  आवेंगी शशि-किरनें
अंतरिक्ष छिड़केगा कन-कन
  निशि में मधुर तुहिन को

6. जवा कुसुम-सी खिलेगी – कौन ?
(रात, उषा, भूमि) (1)

7. शशि किरनें कैसे आएँगी ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन – टिप्पणी लिखें । (6)

Score

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । **(2×2=4)**

9. उसे शाक-सा लगा । किसको ? कब ?

10. पत्थर की बैंच पर कौन-कौन बैठे हैं ?

11. 'रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है ।' -
चाँद ने आदमी के बारे में क्या कहा ?

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3×4=12)**

12. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।
साई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय ।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और जयशंकर प्रसाद के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	जयशंकर प्रसाद
जन्म	:	30 जनवरी 1889
जन्मस्थान	:	वाराणसी, उत्तर प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	कामायनी, चंद्रगुप्त, तितली
विशेषताएँ	:	छायावादी कवियों में अग्रणी
मृत्यु	:	14 जनवरी 1937

Score

14. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- हम दूकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं ।
- जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जाएँगे उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।

15. सही मिलान करें ।

यात्रियों को टिकट देना	संभ्रात महिला
सुन्दर लिपि में लिखना	फ्रेंकलीन
विद्यार्थी की मदद करना	टिकट बाबू
रेलगाड़ी से बीज फेंकना	बैंक का क्लर्क

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।

एक बूढ़ा आदमी, जिसके बाल सफ़ेद हो गए थे, ज़मीन खोद रहा था । एक नौज़वान ने, जो वहाँ से गुज़र रहा था, उस बुजुर्ग को परिश्रम करते देख पूछा, "बाबा यह क्या कर रहे हो ?" "आम की गुठलियाँ बो रहा हूँ" बूढ़े ने कहा । "इस उम्र में ? इसके फल कब खाओगे, बाबा ?" "मैं फल नहीं खा सकता तो क्या हुआ बेटा, तुम तो खा सकोगे ।"

16. कौन ज़मीन खोद रहा था ? उस समय वहाँ से कौन गुज़रा ? (2)

17. खंड का संक्षेपण करें । (6)

Score

सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×6=18)

18. जल अमूल्य है, इसका सदुपयोग करें । जल संरक्षण के महत्त्व पर गाँव के पुस्तकालय में एक भाषण होने वाला है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

19. अंग्रेज़ी संवाद का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Anil : Hello Ravi, How are you ?

Ravi : I am fine. How are you ?

Anil : Did you enjoy the cricket match yesterday ?

Ravi : Yes, I am very happy that I could watch the match in the stadium.

Anil : Oh ! That is nice.

Ravi : Both the teams played very well.

20. "मैं सबसे छोटा था इसलिए मैं भाई के लिए एक उत्तरदायित्व की तरह था ।" अपराध कहानी का छोटा भाई अपने बड़े भाई के प्यार के बारे में मित्र से बातचीत करता है । वह बातचीत लिखें ।

- संरक्षक बन जाना ।
- खेल में बड़े भाई की पाली में जोड़ना ।
- छोटे भाई के कारण हारने पर भी कुछ न कहना ।

21. यात्री का मन संघर्ष से भरा था । वह अपना संघर्ष डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- असलम की मृत्यु की खबर ।
- हमदर्दी का अभाव ।
- पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप ।

Score

22. 'ज़रा ठहरिए, भाई साहब ! देखिए बेचारा बाबू कितना फँस रहा है ।' लेखक ने यात्रियों की भीड़ से ऐसा कहा । यह सुनकर टिकट बाबू खुश हुआ । वह अपनी आत्मकथा में इसका उल्लेख करता है । वह आत्मकथांश लिखें ।

- टिकट बाबू की परेशानी ।
- यात्रियों का अनसुना करना ।
- लेखक द्वारा यात्रियों को शांत करना ।

23. सही मिलान करें । (8×1=8)

Public	–	कूड़ेदान
Save	–	संकेत
Trash	–	प्रारूप
Programme	–	अंतर्पात
Important	–	सार्वजनिक
Symbol	–	महत्वपूर्ण
Format	–	सहेजें
Input	–	प्रक्रम

सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2×8=16)

24. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- फिल्म का कथासार
- पटकथा, संवाद, छायांकन
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका

Score

25. नशीले पदार्थों की बिक्री पर कानूनी रोकथाम है । फिर भी स्कूल के पास उसकी बिक्री बढ़ रही है । बार-बार शिकायत करने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ । इस विषय पर की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सोमसुन्दरम, अध्यापक अभिभावक संघ, सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, कण्णूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, नारकोटिक विभाग, केरल सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

26. बाज़ार में एक नया मुखलेप 'शेशिनी क्रीम' आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- त्वचा को मुलायम बनाने वाला ।
- दिन भर जोश पैदा करने वाला ।
- फिल्मी सितारों का प्यारा ।